दिन—मंगलवार दिनांक— 15 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा की। झारखंड में दो चरणों में तेरह और बीस नवंबर को जबकि महाराष्ट्र में एक चरण में बीस नवंबर को डाले जायेंगे वोट।

02. बिहार की चार विधानसभा सीटों—तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज के लिए तेरह नवंबर को होगा मतदान। तेईस नवंबर को होगी मतों की गिनती।

03. जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा— पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ ही लड़ेगी। ग्यारह सीटों पर किया दावा।

04. और, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा— बिहार विधानसभा उपचुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच नहीं है कोई मतभेद।

---

निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में 20 नवम्बर को एक ही चरण में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

———बाईट———

श्री कुमार ने बताया कि झारखंड में 13 और 20 नवम्बर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे।

———बाईट———

दोनों राज्यों की मतगणना 23 नवम्बर को होगी। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवम्बर को समाप्त हो रहा है जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अगले साल पाँच जनवरी को समाप्त होगा।

इधर, निर्वाचन आयोग ने बिहार की चार विधानसभा सीटों के लिए भी उप–चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट पर तेरह नवंबर को मतदान होगा। चुनाव की अधिसूचना अठारह अक्टूबर को जारी होगी और इसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी पच्चीस अक्टूबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। वहीं, उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतों की गिनती तेईस नवंबर को होगी। इमामगंज सीट से हम के जीतनराम मांझी, रामगढ़ से राजद के सुधाकर सिंह, बेलागंज से राजद के सुरेन्द्र प्रसाद यादव और तरारी से भाकपा–माले के सुदामा प्रसाद के संसद सदस्य चुने जाने के बाद इन सीटों पर उपचुनाव हो रहे है।

———————————————————————————

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में हेरफेर के विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें पूरी तरह फुलप्रूफ हैं। श्री कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान मतदान में भाग लेकर लोगों ने ईवीएम को लेकर उठाये गये सवालों का समाधान कर दिया है।

———बाईट———

वोटिंग में परसेंटेज और वोटिंग में पार्टिसिपेंट करके पब्लिक जवाब देती है सवाल का। जहां तक ईवीएम्स और इन से सबका प्रश्न है वह हंड्रेड परसेंट फुलप्रूफ है। मैं कई बार बता चुका हूं। आज अगर ये प्रश्न उठेगा तो फिर बताएंगे।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि बिहार में विधानसभा की चार सीटों के लिए हो रहे उप–चुनाव के लिए एनडीए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि कि एनडीए के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। डॉक्टर जायसवाल ने दावा किया कि चारों सीटों पर विपक्षी उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ेगा।

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ ही लड़ेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत

में श्री चौधरी ने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा के साथ कोई मतभेद नहीं है। दोनों दलों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जदयू की तैयारी ग्यारह सीटों पर उम्मीदवार देने की है।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्य सरकार सभी अनुसंधानकर्ताओं, आईओ को लैपटॉप और स्मार्टफोन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसके लिए एक सौ नब्बे करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं, कैबिनेट ने पैक्स चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अठारह करोड़ चौंसठ लाख रूपये से अधिक की राशि मंजूर की है। कैबिनेट ने आज कुल बाईस प्रस्तावों को मंजूरी दी।

————————————————————————————

राष्ट्र आज पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें याद कर रहा है। समाचार कक्ष की श्रद्धांजलि।

———बाईट———

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम के धनुषकोडी गांव  में हुआ था। उनका पूरा नाम अबुल पाकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम था। वे भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी शामिल रहे। उन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में शमिसाइल मैनश के रूप में जाना जाता है। अब्दुल कलाम ने 1998 में भारत के पोखरण–द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका भी निभाई। इसके साथ ही उन्हें भारत सहित दुनियाभर के देशों ने कई पुरस्कारों से सम्मानित किया। भारत सरकार ने उन्हें 1997 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया था। कलाम भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के समर्थन के साथ 2002 में भारत के राष्ट्रपति चुने गए। अब्दुल कलाम विश्व में अपने व्याख्यान के लिए प्रसिद्ध थे और विद्यार्थीओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत थे। उनके उन्नयासी वें जन्मदिन को संयुक्त राष्ट्र ने विश्वविद्यार्थी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। अब्दुल कलाम ने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र भी दिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की सोच और दूरदृष्टि से देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर डॉक्टर कलाम को श्रद्धांजलि दी जा रही है।

—————————————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने देश के दो सौ चौंतीस नए शहरों में सात सौ तीस निजी रेडियो चैनलों की शुरूआत के लिए निजी एफएम रेडियो चरण के तीसरे बैच की ई–नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस जारी किया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि इन शहरों में एफएम चैनल का वार्षिक लाइसेंस शुल्क वस्तु और सेवा कर को छोड़कर सकल राजस्व का चार प्रतिशत लिया जाएगा। मंत्रिमंडल ने इस वर्ष अगस्त में 234 नए शहरों और कस्बों में निजी एफएम रेडियो शुरू करने की मंजूरी दी थी। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, स्थानीय बोली और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

—————————————————————————————————————

महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप गौरव यात्रा का आज पटना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह की उपस्थिति में विभिन्न स्कूलों और एकलव्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। यह प्रतियोगिता ग्यारह नवम्बर से बीस नवम्बर तक राजगीर में आयोजित की जायेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के अधिकारी चंदन कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि चैंपियनशिप को लेकर राज्य के खिलाड़ियों में काफी उत्साह है । उन्होंने कहा कि गौरव यात्रा सभी 38 जिलों में जायेगी।

———बाईट———

इधर, महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप गौरव यात्रा को लेकर स्कूली बच्चों में काफी उत्साह है। आकाशवाणी समाचार से अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पढाई के साथ–साथ खेल के प्रति भी एक पैशन उत्पन्न होगा।

———बाईट———

—————————————————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज महाराष्ट्र के देवलाली और दानापुर के बीच नई विशेष ट्रेन को वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शेतकरी समृद्धि स्पेशल ट्रेन से देवलाली और दानापुर के किसानों तथा उपभोक्ताओं के बीच संपर्क बढेगा। श्री वैष्णव ने इस अवसर पर कहा कि यह ट्रेन एक हजार पांच सौ

किलोमीटर की दूरी तय करेगी और इसमें किसान केवल चार रुपये प्रति किलोग्राम की दर से अपनी उपज ले जा सकेंगे।

———————————————————————

बक्सर जिले में बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले गंगा पुल के पास उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से छब्बीस लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है। ट्रक चालक और उपचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। मौके से पुलिस ने स्मैक खरीदने के आरोप में एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार किया।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के अलग–अगल थाना क्षेत्रों से पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप मे पाँच लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के सिकटी से दो सौ चौंतीस लीटर शराब बरामद की गई।

———————————————————————

खगड़िया जिले के मोरकाही थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरी गांव से पुलिस ने छह पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

दरभंगा जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर तीन मे शौचालय की टंकी में पाईप लगाने के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक की स्थति गंभीर बनी हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के थे।

———————————————————————————

लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदपुर गांव में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने भूमि विवाद को हत्या का कारण बताया है। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————————

01. निर्वाचन आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा की। झारखंड में दो चरणों में तेरह और बीस नवंबर को जबकि महाराष्ट्र में एक चरण में बीस नवंबर को डाले जायेंगे वोट।

02. बिहार की चार विधानसभा सीटों–तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज के लिए तेरह नवंबर को होगा मतदान। तेईस नवंबर को होगी मतों की गिनती।

03. जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने कहा– पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ ही लड़ेगी। ग्यारह सीटों पर किया दावा।

04. और, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा– बिहार विधानसभा उपचुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच नहीं है कोई मतभेद।

———————————————————————————

समाप्त